

# नेपानगर को बनाएंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार : सीएम

- बुरहानपुर को एग्री एक्सपोर्ट का हब बनाएंगे
- डॉ. हेडगेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा

**भोपाल, 15 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है. यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है. बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है. हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं. नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी.**

उनहोंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है. जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे. डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं.डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के जनजातीय बहुल नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने विधानसभा क्षेत्र को 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों की सौगात दी. इसमें 191 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 81 विकास कार्यों का भूमिपूजन (30.59 करोड़ से सातपायरी में औद्योगिक प्रक्षेत्र के भूमिपूजन सहित) और 172 करोड़ 20 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है.

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं. उन्होंने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा. धूलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा. लोखंडिया से हसीनाबाद मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ताप्ती नदी पर वर्तमान रपटे के स्थान पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाया जायेगा.

# एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी पर कार्रवाई

**1357 सिलेंडर जब्त** | **08 प्रकरण में एफआईआर**

*मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री ने घरेलू गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश*

**भोपाल, 15 मार्च. प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध जारी निर्देशों के पालन में प्रदेश भर में लगातार कार्यवाही की जा रही है. प्रदेश में 1025 स्थानों पर कार्यवाही कर 1357 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी. पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने भी अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए हैं. इसी अनुपालन में अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता




संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने तथा एजेंसियों के माध्यम से वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये हैं. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रेस ब्रीफ जारी कर नागरिकों से पैनिक बुकिंग नही करने का अनुरोध किया है. मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में एजेंसी पर जाकर बुकिंग करने के स्थान पर डिजिटल माध्यम से बुकिंग करने की सलाह दी गयी है. ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है. अत:उपभोक्ता बुकिंग के लिए इन डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें. देश में घरेलू गैस के उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई है . इसके अलावा स्ट्रैट ऑफ़ हॉर्मुज से एलपीजी के दो शिप भारत के लिए रवाना हो गए हैं, जो 16-17 मार्च तक भारत के कांडला (गुजरात) और मुंद्रा पोर्ट (मुंबई) पर पहुँच जायेंगे.

### शिकायत / सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर जारी

- भारत गैस हेल्पलाइन नंबर - 1800-22-4344 (टोल फ्री)
- इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबर- 1800-2333-555 (टोल फ्री)

### गैस को लेकर कलेक्टरों को दिए ये निर्देश...

गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की जा रही है. समस्त जिला कलेक्टर को निर्देश दिए गए है कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए. जिला प्रशासन गलत सूचनाओं का प्रसार और अफवाहों को सख्ती से रोकें और उपभोक्ताओं तक मीडिया के माध्यम से सही सूचना पहुंचाएं. नागरिकों के बीच सकारात्मक माहौल बनाए और सूचना-तंत्र मजबूत कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें. ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है तथा प्रदेश के 11 बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में पर्याप्त सिलेण्डर उपलब्ध हैं. घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि विगत अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुन: बुकिंग करायें.

## दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल को दी श्रद्धांजलि




भोपाल. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की. श्री शुक्ल ने बैतूल में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल एवं उनके परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं. उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.



# महाकाल की नगरी उज्जैन से गूंजेगा गीता का ज्ञान

- भव्य गीता भवन बनेगा
- भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में ली थी शिक्षा
- 17 मार्च को मुख्यमंत्री करेंगे भूमि पूजन, राज्यपाल भी रहेंगे मौजूद

**नव भारत न्यूज**

**उज्जैन.** भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली एवं भगवान महाकाल की पावन नगरी उज्जैन अब गीता के ज्ञान का एक नया केंद्र बनने जा रही है. यहाँ बनने वाला भव्य गीता भवन भारतीय दर्शन, अध्यात्म और संस्कृति के प्रसार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जहाँ श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा. शहर के शिप्रा विहार क्षेत्र में बनने वाले इस गीता भवन का भूमि पूजन 17 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा. इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी उज्जैन आएंगे और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे.

**आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा गीता भवन:** उज्जैन में बनने वाला गीता भवन एक अत्याधुनिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र होगा. पूर्व में शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के समीप इसे बनाया जा रहा था. अब स्थान बदला गया है. ये तीन मंजिला इमारत होगी. लगभग 1200 से 1250 लोगों की क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम से सुसज्जित होगी. यहाँ धार्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बौद्धिक संगोष्ठियाँ आयोजित की जा सकेंगी.

**ई लाइब्रेरी भी होगी :** भवन में समृद्ध पुस्तकालय और हाई-टेक ई-लाइब्रेरी भी स्थापित की जाएगी, जहाँ भगवद्गीता और भारतीय दर्शन से जुड़ा साहित्य उपलब्ध रहेगा. इसके अलावा कैफेटेरिया, रिफ्रेशमेंट सेंटर, पार्किंग और आध्यात्मिक साहित्य के विक्रय केंद्र जैसी सुविधाएँ भी विकसित की जाएंगी. इस परियोजना को अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है और इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है.

**प्रदेशभर में बनेंगे ऐसे गीता भवन:** मध्यप्रदेश सरकार की योजना प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में इसी तरह के गीता भवन स्थापित करने की है, ताकि युवाओं को भारत की दार्शनिक और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ा जा सके. उज्जैन, इंदौर और जबलपुर के मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा.

### कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंच व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, यातायात, पेयजल और अतिथियों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल होंगे, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें. निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

# उपभोक्ता को जागरूक और सशक्त होना जरूरी : गोविंद

**भोपाल, 15 मार्च. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सभी को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एक सशक्त और जागरूक उपभोक्ता ही मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव होता है.**



श्री राजपूत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के रूप में धीमा जहर देने वाले के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, तभी इस दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी. उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है इसलिए उसके अधिकारों की रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है. उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और उचित मूल्य पर वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध हो, यह हमारा दायित्व भी है और संकल्प भी है.

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि खरीददारी करते समय बिल लेना, उत्पाद की गुणवत्ता और समाप्ति की तिथि अवश्य देखना, किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराना, यह सभी जागरूक उपभोक्ता को मजबूत बनाते हैं. उपभोक्ताओं के हित में भारत सरकार ने वर्ष 2019 में नया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम बनाया. यह कानून उपभोक्ताओं के रक्षा की गारंटी देता है. इसमें 06 प्रकार के अधिकार चुनने का अधिकार, सूचित होने का अधिकार, उपभोक्ताओं की सुरक्षा का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, उपभोक्ता की समस्याओं के निराकरण का अधिकार और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार बताये गये हैं.

### सीएम यादव ने उपभोक्ता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अर्थव्यवस्था का आधार उपभोक्ता है, उपभोक्ता की जागरूकता ही बाजार को गति और पहचान प्रदान करती है, हर उपभोक्ता का अपने अधिकारों को जानना और उत्पाद एवं सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहभागी होना आवश्यक है.

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 मार्च को अभिमुखीकरण कार्यक्रम में होंगे शामिल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा 16 मार्च को सुबह 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है. यह कार्यक्रम कृषि वर्ष में सक्रिय सहभागिता के लिए आयोजित किया जा रहा है. किसानों की समृद्धि और खुशहाली राज्य सरकार का उद्देश्य है.

# डही में देश का प्रथम जनजातीय महिला सहकारी समूह गठित

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदिवासी परंपरा
- अनुसार मनाया

**इंदौर. धार जिले की दूरस्थ आदिवासी बहुल तहसील मुख्यालय डही में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदिवासी परंपरा अनुसार मनाया गया. अनेक ग्रामों से आई महिलाओं ने अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन और ब्राउस के तत्वावधान में देश के प्रथम जनजातीय महिला सहकारी समूह के गठन का मंगलाचरण किया.**

कार्यक्रम आयोजन संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के तहत डॉ बीआर आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय (ब्राउस) तथा आईएलओ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. परियोजना अध्यक्ष, ब्राउस कुलगुरु तथा फॉरेंसिक वैज्ञानिक डॉ रामदास जी. अत्राम, ब्राउस प्रति कुलगुरु, परियोजना निदेशक तथा जाने माने समाज विज्ञानी प्रो डीके वर्मा, आईएलओ राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक डॉ बंसरी नाग, परियोजना वित्त समन्वयक डॉ लता चौहान ने भी विचार रखे. कुलसचिव डॉ अजय वर्मा परियोजना के प्रशासनिक समन्वयक हैं. ब्राउस कुलगुरु डॉ रामदास जी. अत्राम ने कहा कि मातृ शक्ति हमारी वास्तविक शिक्षिकाएं हैं. समाज विज्ञानी डॉ डीके वर्मा ने कहा कि सैकड़ों आदिवासी और खेतिहर श्रमिकों की उपस्थिति वाला आयोजन समूचे टीम वर्क का परिणाम है. कुछ सहयोगी साथी अलग-अलग गांवों में सहभागियों को आमंत्रित करने में जुटे थे तो कुछ इस दूरस्थ क्षेत्र में प्रेरक आयोजन के लिए. आईएलओ राष्ट्रीय परियोजना समन्वयक डॉ बंसरी नाग ने कहा कि आईएलओ ने भी महिला सहकारी समूह गठन में सहभागिता की है. देश भर में ऐसे समूहों का गठन होगा.

### सफलता की कहानी सुनाई

आदिवासी क्षेत्र की धरातली प्रेरणापुंज बन उभरी डॉ (मानद) अन्नू भाबोर दीदी ने स्वयं के जीवन संघर्ष और उपलब्धि की कहानी सुनाई. मंच पर अभिव्यक्ति के लिए आई युवतियों ने स्वयं की सफलता की कहानियां सुनाई तो सभागार तालियों से गूंज उठा. वरिष्ठ पत्रकार नीलमेघ चतुर्वेदी ने ग्रामीण इलाकों में अंतरनिहित सहकारी भावनाओं और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला. आपने बताया कि अमूल ब्रांड सहकारी संस्था आज विश्व की नंबर एक सहकारिता है और इसके विकास में मातृ शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं 'समर्थन', 'आसा', 'सीटी-सीडीआरए' प्रतिनिधियों ने भी विचार रखे. आभार डॉ कौशलेंद्र वर्मा ने माना. प्रेमप्रकाश गुप्ता और शंकर गोहिल ने भी सराहनीय योगदान किया.

# प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी

## सामान्य से अधिक दर्ज हो रहा तापमान

**40.4 डिसे तापमान दर्ज किया नर्मदापुरम में**

**03 से 4 डिसे तक तापमान में गिरावट संभावना**

**भोपाल, 15 मार्च. प्रदेश में गर्मी ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है. जिसके बाद प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है.**



मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले चार दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, इसके बाद तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है. वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, चंबल, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में तापमान सामान्य से 3 से साढ़े 4 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया.

प्रदेश में रविवार को सबसे अधिक तापमान नर्मदापुरम में 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके बाद खरगोन में 39.2, मंडला में 38.9, दमोह और रतलाम में 38.2 तथा खंडवा में 38.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया.

### मौसम वैज्ञानिकों ने दी सलाह

दिन के समय तेज धूप में लंबे समय तक बाहर रहने से बचें. हल्के सूती कपड़े पहनें और शरीर में पानी की कमी न होने दें. वहीं बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है. साथ ही किसानों को फसलों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी है. खेतों में कीट या रोग के लक्षण दिखने पर तुरंत नियंत्रण उपाय अपनाने को कहा गया है. टमाटर, मिर्च और अन्य सब्जी फसलों में कीट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई है.




# कांग्रेस सेवादल ने निकाली प्रभातफेरी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 15 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा प्रदेशभर में आयोजित प्रभात फेरी और ध्वज वंदन कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रविवार सुबह भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव की उपस्थिति रही. प्रभात फेरी सर्वधर्म से बीमा कुंज तक निकाली गई, जिसमें देशभक्ति के संदेश और कांग्रेस की विचारधारा का प्रसार किया गया.

# कनाडा में मप्र के छात्र की मौत

**उज्जैन, 15 मार्च. पढ़ाई के लिए कनाडा गए उज्जैन के युवक का 14 मार्च को छात्रों से विवाद हो गया था जिसमें वह बुरी तरह घायल हुआ था उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवक की मौत हो गई.**



देवास रोड स्थित पार्श्वनाथ कॉलोनी में रहने वाले सिख परिवार का युवक गुरकीरत सिंह मनोचा कुछ साल पहले कनाडा स्थित वे नॉर्थन लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट में पोस्ट डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई करने गया था. सवा साल से कनाडा में रहकर पढ़ाई कर रहा था. 14 मार्च को कॉलेज के छात्रों से ही उसका विवाद हो गया. जिसमें कुछ छात्रों द्वारा उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई. घायल होने पर अन्य छात्रों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. लेकिन रात को उसके मौत होने की खबर सामने आई. दोस्तों ने रायपुर में रहने वाले उनके भाई प्रबकीरत सिंह मनोचा को घटनाक्रम की जानकारी दी. जैसे ही उज्जैन में रहने वाले परिवार को खबर लगी माहौल गमगीन हो गया. उज्जैन के छात्र की कनाडा में हुई मौत की खबर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मिली तो उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की.

**राजनीति** | पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार को घेरा

# कल्याणकारी योजनाओं की अनदेखी का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 15 मार्च. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार गरीबों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हो गई है.**



पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन के हितग्राहियों को पिछले लगभग पाँच महीनों से भुगतान नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि सरकार वोट हासिल करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है, लेकिन उन कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि रोक दी गई है, जो इन योजनाओं पर निर्भर रहते हैं. उन्होंने इस स्थिति को 'अमानवीय और असंवेदनशील' बताया.

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को भी कमजोर कर दिया है और यह योजना बंद होने की कगार पर पहुँच गई है. उनके अनुसार, सरकार ने प्रस्ताव रखा है कि प्रत्येक जिले में केवल लगभग 200 विवाहों को ही सहायता दी जाएगी, जिससे गरीब परिवारों को मिलने वाली मदद में भारी कमी आएगी.

पटवारी ने उत्तर प्रदेश की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वहाँ गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए करीब एक लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है.

> उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर गरीबों के लिए चल रही कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री की हवाई यात्राओं पर प्रतिदिन लगभग 21 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं. पटवारी ने सरकार से लंबित पेंशन राशि का तुरंत भुगतान करने और कन्या विवाह योजना को पहले की तरह बहाल करने की मांग की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60